## कार्यालय अध्यक्ष, समिति/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या–01, मुजफ्फरनगर।

दिनांकः 24 मई, 2025

### प्रेस सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 6058/2025/SJM/Admin 'G-1'/Allahabad दिनांकित 19–05–2025 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर में 01 (एक) विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर की नियुक्ति की जानी है।

अतः उपरोक्त नियुक्ति में, जो व्यक्ति बी0एन0एस0एस0 की धारा 11 में उल्लिखित विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की शर्तें पूरी करते हों और जो सरकार के अधीन कोई पद धारण करता हो अथवा धारण किया हो तथा विधि में उपाधि धारक हो अथवा जो लीगल अफेयर्स से संबंधित मामलों में विशेष अनुभव रखते हों, वे व्यक्ति माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट ***www.allahabadhighcourt.in*** से आवेदन पत्र डाउनलोड करके निर्धारित प्रारूप पर आवेदन भर कर स्व प्रमाणित प्रमाण पत्रों एवं अपने अंतिम पॉच वर्ष की वार्षिक प्रविष्टि के साथ सलंग्न कर पूर्णतया भरे हुये आवेदन पत्र दिनांक 25–07–2025 तक कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मुजफ्फरनगर को प्रेषित करें, जिससे कि विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर की नियुक्ति के लिये माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को संस्तुति की जा सके।

**(रवि कान्त–III)**
अध्यक्ष, समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट संख्या–01, मुजफ्फरनगर।

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :</u>**

1— केन्द्रीय नाजिर, जजशिप, मुजफफरगनर को इस आशय से कि वह उपरोक्त प्रेस सूचना को राष्ट्रीय व स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

2— सिस्टम ऑफिसर, जजशिप मुजफ्फरनगर को इस आशय से कि वह उपरोक्त सूचना को जजशिप, मुजफ्फरनगर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अविलम्ब प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।

24.05.25

अध्यक्ष, समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट संख्या–01, मुजफ्फरनगर।